भा० कृ० अनु०प०- पुष्प विज्ञान अनुसन्धान निदेशालय
शिवाजीनगर, पुणे-४११००५

स्थान – निदेशक कार्यालय **दिनांक**- ०३/१०/२०१८

<u>हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भा० कृ० अनु०प०- पुष्प विज्ञान अनुसन्धान निदेशालय, शिवाजीनगर पुणे में दिनांक १४/९/२०१८ से दिनांक २९/९/२०१८ तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन</u>

१४ सितम्बर २०१८ को प्रतिवर्ष की भांति भा० कृ० अनु०प०- पुष्प विज्ञान अनुसन्धान निदेशालय, शिवाजीनगर पुणे, में “हिंदी दिवस” मनाया गया | इस उपलक्ष्य में दिनांक १४/९/२०१८ से दिनांक २९/९/२०१८ तक “हिन्दी पखवाड़ा” का आयोजन किया गया, जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई | निदेशालय के सभी वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी एवं प्रशासनिक कर्मचारियों ने इसमें पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया| हिंदी पखवाड़ा की शुरुआत १४ सितम्बर २०१८ को की गयी | हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं की शुरुआत निबंध प्रतियोगिता से हुई |

<u>निबंध प्रतियोगिता</u>

“प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध : उचित या अनुचित” विषय पर सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किये | इस प्रतियोगिता में श्री रूपेश पाठक एवं डॉ प्रशांत कंवर सम्मिलित रूप से प्रथम स्थान पर रहे | डॉ गणेश कदम एवं सविता पाटिल सम्मिलित रूप से द्वितीय स्थान पर रहे | डॉ प्रभा के. एवं डॉ डी वी एस राजू सम्मिलित रूप से तीसरे स्थान पर रहे |

<u>श्रुतलेख प्रतियोगिता</u>

<u>सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता</u>

<u>शब्दलेखन प्रतियोगिता</u>

श्रुतलेख प्रतियोगिता में श्री रूपेश पाठक प्रथम स्थान पर रहे | स्नेहल शिंगटे द्वितीय एवं सविता पाटिल तीसरे स्थान पर रहीं |

शब्दलेखन प्रतियोगिता में डॉ तारकनाथ साहा प्रथम, डॉ सफीना एस ए द्वितीय एवं स्नेहल शिंगटे तीसरे स्थान पर रहे |

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में **टीम "ब"** (श्री रूपेश पाठक, श्री दीपक वर्मा, श्री सुदेश कुमार एवं श्री महादेव बापू वाल्के) प्रथम स्थान पर रहे, **टीम "अ"** (डॉ गणेश कदम, डॉ डी वी एस राजू, डॉ प्रभा के एवं डॉ सफीना एस ए) द्वितीय स्थान पर रहे , **टीम "स"** (श्री अभिषेक वर्मा, स्नेहल शिंगटे , सविता पाटिल एवं शिल्पा साठे) तीसरे स्थान पर रहे |

रंगोली प्रतियोगिता में डी॰ एफ॰ आर॰ के सदस्यो के साथ कृषि कॉलेज के भी विद्यार्थियों ने भाग लिया | ४ ग्रुप बनाए गये एवं **"स्वच्छता हीं सेवा"** विषय पर सभी प्रतिभागियों ने रंगोली द्वारा अपने विचार व्यक्त किये | इस प्रतियोगिता में ग्रुप "अ" (शिल्पा साठे एवं ज्योति कोण्ढाल्कर) एवं ग्रुप "स" (रोकड़े शिवानी संजय एवं उपेक्षा मोरे) ने सम्मिलित रूप से प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया | ग्रुप "ब" (सौम्यश्री दास एवं अस्सीमा पांडा) ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया एवं ग्रुप "द" (स्नेहल शिंगटे, प्रीतम जाधव एवं मारुति सूर्यवंशी) ने तृतिए पुरस्कार प्राप्त किया |

<u>"स्वच्छता हीं सेवा" रंगोली प्रतियोगिता</u>

एक
कदम स्वच्छ भारत
स्वच्छता की ओर

2.
USE
ME
स्वच्छता ही सेवा है

डा॰ पी॰ नवीन कुमार को सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सांत्वना पुरस्कार दिया गया |

“हिंदी पखवाड़ा” का समापन २८ सितंबर २०१८ को अपराहन २:३० बजे हमारे कार्यालय पुष्प विज्ञान अनुसंधान निदेशालय में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में हुई | डॉ. लखन सिंह, निदेशक, कृषि तकनीकी अनुप्रयोग संस्थान (ए.टी.ए.आर.आई), शिवाजीनगर, पुणे, समारोह के मुख्य अतिथि थे | डॉ. किरण भिलेगाँवकर, अध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक एवं भाकृअनुप-भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान, शिवाजीनगर, पुणे के समस्त वैज्ञानिक एवं अधिकारीगन भी इस समारोह मे उपस्थित थे | “हिंदी पखवाड़ा” का समापन समारोह सम्मिलित रूप से मनाया गया | श्री राधे श्याम भट्ट जो कि निदेशालय के सहायक विधि एवं लेखा अधिकारी है, ने सभी प्रतिभागियों एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत किया | तत्पश्चात सभी को हिंदी पखवाड़ा आयोजित करने के उद्देश्य की संक्षिप्त जानकारी दी गयी | निदेशक महोदय ने मुख्य अतिथि श्रीमान डॉ. लखन सिंह जी का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया और सभा को संबोधित किया | इसके साथ ही उन्होंने पुष्प विज्ञान अनुसन्धान निदेशालय का संक्षिप्त परिचय दिया और श्रीमान डॉ. लखन सिंह को “हिंदी पखवाड़ा” विषय पर उनके भाषण हेतु आमंत्रित किया | मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में सभा को संबोधित करते हुए हिंदी भाषा के विषय में अपने विचार व्यक्त किये | इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा की भारत सरकार द्वारा चलाई गई प्रोत्साहन योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रचार किया जाए। उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए सभी को सार्थक प्रयास करने की जरूरत है | हिन्दी बेहद सरल एवं मधुर भाषा है, इसका उपयोग हमे बोल चाल की भाषा तथा

कार्यालय की भाषा के रूप मे करना चाहिए तथा हमें हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए | सभी वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक कर्मचारियों से हिन्दी मे लेख एकत्रित कर उसे अगले वर्ष से हिन्दी की पत्रिका प्रकाशित करनी चाहिए | हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए हमे हमारे वेप्साइट पे हिन्दी मे कुछ लिख कर अपलोड करना चाहिए जिस से लोगों की जिज्ञासा बढ़ेगी एवं वो हिन्दी मे ज्यादा काम करेंगे |

समारोह के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी विजयी प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र प्रदान किये |

<u>मुख्य अतिथि द्वारा नगद पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र वितरण</u>

इस के पश्चात श्री रूपेश कुमार पाठक, जो कि निदेशालय के सहायक है ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया | इसके साथ ही सूक्ष्म जलपान के साथ हिंदी पखवाड़ा का समापन किया गया |

अध्यक्ष　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　सदस्य सचिव